dgm_eudcmbd@yahoo.co.in
U31200UP2003SGC027458

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल
ELECTRICITY URBAN DISTRIBUTION CIRCLE
33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र पीलीकोठी, कम्पनी बाग
33/11 KV SUBSTATION PILIKOTHI,COMPANY BAGH
मुरादाबाद-244001
MORADABAD-244001

विज्ञापन आदेश
प्रथम/द्वितीय प्रति

पत्रांक 231 –वि0न0वि0मं0/मु0/विज्ञापन दिनांक 25.01.2023

विषयः– समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने के संबंध में।

विज्ञापन व्यवस्थापकः–

1– अमर उजाला, दिल्ली रोड, मुरादाबाद।
2– दैनिक जागरण, कांठ रोड, मुरादाबाद।

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र के एक अंक में आपके यहां उपलब्ध हिन्दी भाषा में 8–10 प्वाइंट टाइप में (केवल एक कॉलम में) दिनांक 26.01.2023 को प्रकाशनार्थ संलग्न विज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। हैडिंग और नीचे के नाम व पते में भी बड़ा टाइप न लगाएं तथा नाम व पता एक ही लाइन में छापें। विज्ञापन में शीर्ष पर निगम का मोनोग्राम एवं सबसे नीचे इस आदेश की संख्या व दिनांक भी छोटे से छोटे टाइप में अवश्य प्रकाशित करें। इन निर्देशों के विपरीत छपे विज्ञापन के बीजकों में आवश्यक कटौती करने के लिये पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बाध्य होगा।

1– विज्ञापन शुल्क का बिल तीन प्रतियों में अग्रिम प्राप्ति रसीद के साथ तथा जिस अंक में उक्त विज्ञापन प्रकाशित हुआ हो उसकी दो बाउचर प्रतियों सहित निरीक्षण एवं सत्यापन हेतु सहायक जन संपर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रकाशित किया जाना चाहिये।
2– संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में ही किया जाए। अंग्रेजी भाषा की संलग्न सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात ही करें जिसके लिये कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
3– विज्ञापन प्रकाशित होतें ही प्रकाशित अंक की एक प्रति/कतरन सीधे अधोहस्ताक्षरी को पुष्टि हेतु अवश्य प्रेषित कर दी जाए। इसके अभाव में संबंधित बीजक का भुगतान संभव नहीं होगा।
4– प्रत्येक पत्र व्यवहार में इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक का उल्लेख करें।
5– टैन्डर/सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।
6– विज्ञापन के अंत में छोटे से छोटे टाइप में 'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं' का नारा तथा विद्युत चोरी का हैल्पलाइन नंबर अवश्य दें।

संलग्नक :– यथोपरि।

भवदीय

(संजय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मंडल
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०
मुरादाबाद

पत्रांक 231 –विनविमं/मु0/विज्ञापन/ तददिनांक

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री की प्रति सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
2– मुख्य अभियन्ता, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता (वा0), प0वि0वि0नि0लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ को निविदा सामग्री की सॉफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी सहित निगम की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
4– सहायक जनसंपर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ। (ई–मेलः propvvnlmrt@gmail.com)

संलग्नकः– यथोपरि।

(संजय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मंडल
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०
मुरादाबाद

D/123/SEEMA//Vigyapan

Scanned with CamScanner

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1– **ई–निविदा संख्या–50/EUDC(M)/2022-23 कार्य का विवरण**–विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, मुरादाबाद के अन्तर्गत 11/0.4 केवी विद्युत उपकेन्द्रों पर विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों की जर्जर फैसिंग की मरम्मत का कार्य। (निविदा प्रपत्र शुल्क रू0–1180.00, धरोहर राशि 4000.00।

2– **ई–निविदा संख्या–51/EUDC(M)/2022-23 कार्य का विवरण**–विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, मुरादाबाद के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता के एल0टी0 वितरण परिवर्तकों की जर्जर पिलिन्थ की मरम्मत का कार्य। (निविदा प्रपत्र शुल्क रू0–1180.00, धरोहर राशि 4000.00।

उक्त निविदाओं के भरने की अंतिम तिथि 09.02.2023 (12:00 बजे) तक अपलोड की जाएगी तथा तददिनांक को 14:00 भाग–1 खोला जाएगा। उक्त निविदाएं ई–टैण्डर वैबसाइट http://etender.up.nic.in पर निर्धारित दिनांक एवं समय तक ही अपलोड की जा सकेंगी।

कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण, नियम व शर्तें तथा ई–निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा करने संबंधी विवरण ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in/निगम की वैबसाइट www.pvvnl.org पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। अवकाश होने की दशा में ई–निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जाएगी। निर्धारित तिथि के विस्तार, शुध्दि–पत्र/ई–निविदा निरस्त से संबंधित सूचना यदि कोई होगी, तो केवल वैबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वैबसाइट को नियमित देखें।

**अधीक्षण अभियंता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुरादाबाद**

**अधीक्षण अभियंता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल**
**मुरादाबाद।**

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मंडल
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
मुरादाबाद

Scanned with CamScanner